SET 𝔸

SSLC EXAMINATION 2019

Hindi

Third Language

Time : 1.30 Hours　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　Total Score: 40

सामान्य निर्देश :-

- पंद्रह मिनट का कूल ऑफ टाइम है।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना :- "गुठली तो पराई है " कहानी का अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

" ऐसा मत करो " " ऐसे पट पट मत बोलो " " ऐसे धम-धम मत चलो...... "एक दिन गलती से उसने पूछ ही लिया , " क्यों ? " तो बस शुरू हो गई ," अरे छोरी लोग नाम तो तेरी माँ को ही रखेंगे । कहेंगे कुछ सिखाया ही नहीं । ऐसे ही करेंगी क्या अपने घर जाकर? गुठली बोली - " अपना घर यही तो है मेरा घर , जहाँ मैं पैदा हुई "

1. लोग नाम तो तेरी माँ को ही रखेंगें। यहाँ " **रखेंगें** " क्रिया का रूपायन किस शब्द के आधार पर है ?
   (नाम , लोग , माँ) 1

2. कहानी में किसका संकेत है ? 1
   वर्तमान समाज में स्त्री -पुरुष में समता है।
   वर्तमान समाज में स्त्री -पुरुष समता का अभाव है।
   वर्तमान समाज में स्त्री -पुरुषों के समान ही देखता है।

3. कहानी के उपर्युक्त अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। 4

अथवा

संकेतों की मदद से गुठली की **चरित्रगत विशेषताओं** पर टिप्पणी लिखें।

- चौदह साल की लड़की
- बुआ के अनुसार पराया घर की अमानत
- शादी के कार्ड में नाम छपवाने के कारण उदास

सूचना – " सबसे बड़ा शो मैन" जीवनी का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी थी । उसके बाद उसने दर्शकों से बातचीत की , नृत्य किया और अपने माँ सहिस कई गायकों की नकल उतारी ।

4. उसके में निहित सर्वनाम कौन–सा है ? 1
(वह , हम , वे)

5. अनुकरण करना के अर्थ में प्रयुक्त प्रयोग चुनकर लिखें।
(नकल उतारना , फैला देना , बातचीत करना) 1

6 मान लें, इस दिन चार्ली की माँ अपनी विचारों को डायरी में लिखती हैं ।
उनकी **डायरी** कल्पना करके लिखें। 4

टूटा पहिया कविता का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

इतिहासों की सामूहिक गति सहसा झूठी पड़ जाने पर क्या जाने सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय लें ।

7. यहाँ टूटा पहिया किसका प्रतीक हो सकता है ? 1

(महामानव , विश्वमानव, लघुमानव)

8. सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय लें – से आपने क्या समझा ? 2

9 . कवि और कविता का परिचय देते हुए इन पंक्तियों का आशय लिखें । 4

ऊँट बनाम रेलगाड़ी संस्मरण का यह अंश पढ़ें और 10 से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

रेलगाड़ी के रुकते ही हमने ड्राइवर को मामला समझा दिया । उसे एक चौथाई मील पीछे लौटना होगा और वहाँ से रेलगाड़ी फिर हमारी तरफ आएगी । हम समय के अंदाज़ से सवारी सहित ऊँटों के दल को रवाना कर देंगे।

10. यह किस विधा की रचना है ? 1

(क)कहानी (ख) यात्रा विवरण

(ग) रेखाचित्र (घ) संस्मरण

11. **रेलगाड़ी** के स्थान पर **ऊँटों का काफिला** का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें ।

रेलगाड़ी फिर हमारी तरफ आएगी । 2

12.हम ऊँटों के दल को रवाना कर देंगे।– वाक्य में " *कर देंगे* " क्रिया रूप का सीधा संबन्ध किस शब्द से है ?

(दल , ऊँट , हम) 1

13. सत्यजीत राय शूटिंग के संबन्ध में ड्राइवर को समझा रहे हैं । इस प्रसंग पर सत्यजीत राय और ड्राइवर के बीच का **बातचीत** लिखें। 4

सूचना – गुठली तो पराई है कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न से तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

देखो भाई साहब , आप तो कुल दीपक हो , यह घर, यह बगीचा यह नानु सब आपका ही है, तो बहत्तर होगा आप ही इन सबकी देखभाल करो .... और वैसे भी हम तो पराई अमानत हुँ ।   सब मूँह बाए गुठली को देखते रहे और गुठली टिफिन बैग उठाकर स्कूल केलिए चल दी ।

14.आप तो कुल दीपक हो , यह घर, यह बगीचा यह नानु सब आपका ही है– इस वाक्य में प्रयुक्त सर्वनाम कौन–कौन से हैं ? 1

15.और वैसे भी हम तो पराई अमानत हुँ ।लड़कियों को पराई अमानत मानना कहाँ तक उचित है? अपना विचार लिखें । 2

16 इस वाक्य पिरमिड़ की पूर्ति करें । 2



17. गुठली तो पराई है कहानी परिवार में मौजूद लड़का–लड़की का भेदभाव और असमानता का चित्रण करती है। समान अधिकार लड़कियों को भी मिलें – संदेश देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें। 4

अथवा

निम्नलिखित सूचकों के मदद से **लड़कियों के अधिकार** विषय पर टिप्पणी लिखें।

(टिप्पणी 80 शब्दों से अधिक न हो)

* बच्चों के अधिकार * लड़का–लड़की एक

* परिवार में विवेचन * लड़कियाँ – देश की गौरव

18. कहानी के आशय के आधार पर सही मिलान करें। 4

माँ चाहती थी कि गुठली से	स्कूल के लिए चल दी ।
घरवालों की बातें सुनकर	टिफिन पैक करने को कहें ।
घर के सभी लोग मानते हैं कि	गुठली ने स्वयं टिफिन पैक कर दिया ।
टिफिन –बैग लेकर गुठली	गुठली पराई अमानत है।

Prepared by Asok kumar N.A
HST Hindi GHSS Perumbalam .Alappuzha (DT)
MOB– 9447378576